सच कहने की ताकत
साप्ताहिक समाचार पत्र
# जालंधर ब्रीज
जल है तो कल है

www.jalandharbreeze.com • JALANDHAR BREEZE • WEEKLY • YEAR-4 • 24 FEBRUARY TO 02 March 2023 • VOLUME 32 • PAGE-4 • RATE-3.00/- • RNI NO.: PUNHIN/2019/77863

**प्रेरणा**
"क्या फर्क पड़ेगा तुझे दुख के सागर में डूब जाने से कल का सूरज तो अपने समय पर ही उगेगा।"

Lic No : 933/ALC-4/LA/FN:1184
INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE
INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE CONSULTING DESIGN TRAINING
ISO CERTIFIED 2015 COMPANY
✓ STUDY ✓ WORK ✓ SETTLE IN ABROAD
Low Filing Charges & *Pay Money after the visa
•IELTS •STUDY ABROAD
CANADA AUSTRALIA USA U.K SINGAPORE EUROPE
E-mail : hr@innovativetechin.com • Website : www.innovativetechin.com • FB/Innovativetechin • Contact : 9988115054 • 9317776663
REGIONAL OFFICE : S.C.O No. 10 Gopal Nagar, Near Batra Palace, Jal. HEAD OFFICE : S.C.O No. 21-22, Kuldip Lal Complex, Highway Plaza GT Road, Adjoining Lovely Professional University. Phagwara.
*T&C apply

# रिश्वत मामले में 'आप' विधायक अमित रतन कोटफत्ता गिरफ्तार




**बठिंडा :** पंजाब की बठिंडा ग्रामीण सीट से आप विधायक अमित रतन कोटफत्ता को विजिलेंस ब्यूरो ने रिश्वत मामले में गिरफ्तार किया। विधायक की गिरफ्तारी उनके कथित करीबी रशीम गर्ग को इसी मामले में पंजाब विजिलेंस ब्यूरो द्वारा गिरफ्तार किए जाने के कुछ दिनों बाद हुई है। विधायक कोटफत्ता को बाद दोपहर कोर्ट में पेश किया गया। जहां कोर्ट ने विधायक को 27 फरवरी तक पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। अब पुलिस विजिलेंस ऑफिस में प्राइवेट पीए और विधायक को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की जाएगी।

रशीम गर्ग को 16 फरवरी को बठिंडा में घुड़ा ग्राम प्रधान के पति द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के बाद गिरफ्तार किया गया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि आरोपी 25 लाख रुपये का सरकारी ग्रांट जारी करने के बदले में 5 लाख रुपये की रिश्वत मांग रहा था। बठिंडा में विजिलेंस ब्यूरो की टीम ने गर्ग को चार लाख रुपये नकद के साथ पकड़ा।

कोटफत्ता ने पहले गर्ग के साथ किसी भी तरह के संबंध से इनकार किया था। उन्होंने विपक्षी दलों पर पंजाब में आम आदमी पार्टी सरकार को बदनाम करने की कोशिश करने का आरोप लगाया था।

विजिलेंस ब्यूरो की कार्रवाई के बाद विधायक कोटफत्ता ने कहा था कि रिशम गर्ग से उनका कोई संबंध नहीं है। रिशम उनका पीए नहीं है। जिसने भी रिश्वत ली है, उसके खिलाफ तुरंत एक्शन लिया जाना चाहिए। अमित रतन ने पुलिस प्रशासन से इस मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की थी।

### ऑडियो रिकॉर्डिंग में आवाज की पुष्टि होने के बाद विजिलेंस का एक्शन

विजिलेंस ने विधायक कोटफत्ता को क्लीन चिट दे दी थी। इसके बाद रिश्वत देने वाले महिला सरपंच के पति ने एक ऑडियो रिकॉर्डिंग जारी की। जिसमें कहा गया कि रिशम गर्ग ने सर्किट हाउस में विधायक से सरपंच के पति की मीटिंग कराई। जिसमें विधायक सरपंच के पति से सौदेबाजी करते सुनाई दे रहे थे। ऑडियो की जांच कराई गई। जिसमें विधायक की आवाज की पुष्टि के बाद विजिलेंस ने कार्रवाई की।

### मुख्यमंत्री बोले- किसी को नहीं बख्शेंगे

मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कार्रवाई पर कहा कि रिश्वतखोरी चाहे किसी ने भी की हो, किसी भी तरह से की हो, बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लोगों के टैक्स का पैसा खाने वालों पर कोई तरस नहीं, कानून सबके लिए बराबर है।

## अनाज की ढुलाई के दौरान धोखाधड़ी करने वाले तीन ठेकेदारों और तीन फर्मों के ख़िलाफ़ केस दर्ज

**जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़ :** पंजाब विजीलैंस ब्यूरो ने राज्य में भ्रष्टाचार के विरुद्ध चलाई मुहिम के अंतर्गत संगरूर जिले की अलग-अलग अनाज मंडियों में अनाज की ढुलाई सम्बन्धी टैंडरों की अलॉटमैंट, अनाज मंडियों में ट्रांसपोर्टेशन और लेबर के कलस्टरों को क्लब करने सम्बन्धी टैंडर में धोखाधड़ी के दोष अधीन तीन ठेकेदारों और तीन फर्मों के विरुद्ध फ़ौजदारी केस दर्ज किया गया है। इस मामले की आगे जांच जारी है। विजीलैंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि यह मामला ठेकेदार परमवीर सिंह निवासी धनौला, ज़िला बरनाला, ठेकेदार यशवंत राय निवासी गाँव मालेवाल, ज़िला एसबीएस नगर, ठेकेदार राजीव कुमार जैतों, मैसः जिंमीदारा ट्रांसपोर्ट कंपनी खन्ना, मैसर्जः ज़ैलदार ठेकेदार, मैसर्जः जगरूप सिंह और सन्दीप कुमार मलेरकोटला के ख़िलाफ़ केस दर्ज किया गया है। इस सम्बन्धी जानकारी देते हुये प्रवक्ता ने बताया कि पड़ताल के दौरान पाया गया कि अनाज की ढुलाई के लिए उक्त टैंडर अलाट करने के समय उक्त मुलजिमों ने साल 2019-20 के दौरान आपस में मिलीभुगत करके ढुलाई के लिए कलस्टरों की संख्या में घटा दी थी और लेबर और कारटेज सम्बन्धी टैंडर में भी अनियमितताएं करवायी थी।

## 50,000 रिश्वत लेता कानूनगो रंगे हाथों काबू

**जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़ :** पंजाब विजीलैंस ब्यूरो ने राज्य में भ्रष्टाचार को रोकने के मकसद से आज मालेरकोटला ज़िला के माल ब्लाक जमालपुरा में तैनात कानूनगो विजय पाल को 50,000 रुपए रिश्वत की माँग करने और रिश्वत लेने के दोष अधीन रंगे हाथों काबू किया है। विजीलैंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि उक्त कानूनगो निवासी गाँव भरथला मंडेर, मालेरकोटला को करमजीत सिंह निवासी गाँव भैनी कलां, तहसील अमरगढ़, मालेरकोटला की शिकायत पर गिरफ्तार किया गया है। प्रवक्ता ने बताया कि शिकायतकर्ता ने विजीलैंस ब्यूरो के पास पहुँच करके दोष लगाया कि उक्त कानूनगो उस ( शिकायतकर्ता) से राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण के लिए एक्वायर की ज़मीन के मुआवज़े से सम्बन्धित फाइल को कलियर करने के एवज़ में 2 लाख रुपए की रिश्वत की माँग कर रहा है। इस शिकायत की जांच करने के बाद लुधियाना रेंज की आर्थिक अपराध शाखा की विजीलैंस टीम ने दोषी कानूनगो को मौके से पहली किश्त के तौर पर 50,000 रुपए की रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों काबू किया और दो सरकारी गवाहों की हाज़िरी में उक्त दोषी के पास से रिश्वत और पैसे बरामद भी कर लिए गए हैं।

## 5000 रुपए की रिश्वत लेते हुये सहायक सब इंस्पेक्टर के विरुद्ध भ्रष्टाचार का केस दर्ज

**जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़ :** पंजाब विजीलैंस ब्यूरो ने गुरूवार को अपनी भ्रष्टाचार विरोधी मुहिम के दौरान बटाला पुलिस जिले में एक सहायक सब इंस्पेक्टर (ए. एस. आई) बलदेव राज, इंचार्ज पुलिस चौकी दिआलगढ़ को 5000 रुपए की रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों काबू कर लिया। इस सम्बन्धी जानकारी देते हुये विजीलैंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि उक्त पुलिस अधिकारी को गुरप्रीत कौर निवासी मेहता ज़िला गुरदासपुर की शिकायत पर गिरफ्तार किया गया है। इस सम्बन्धी जानकारी देते हुये प्रवक्ता ने बताया कि शिकायतकर्ता महिला ने विजीलैंस ब्यूरो के पास पहुँच करके दोष लगाया कि उक्त पुलिस अधिकारी ने अदालत में उसके हक में गवाह के बयान दर्ज करवाने के लिए 10,000 रुपए रिश्वत की माँग की थी क्योंकि उसके ख़िलाफ़ पहले ही पुलिस केस दर्ज है। प्रवक्ता ने बताया कि विजीलैंस ब्यूरो की टीम की तरफ से दोषी पुलिस अधिकारी को दो सरकारी गवाहों की हाजिऱी में शिकायतकर्ता से पहली किश्त के तौर पर 5000 रुपए की रिश्वत लेते हुये मौके पर ही काबू कर लिया गया। इस सम्बन्धी दोषी एएसआई के ख़िलाफ़ विजीलैंस ब्यूरो के थाना अमृतसर में भ्रष्टाचार रोकथाम कानून के अंतर्गत केस दर्ज किया गया है और मामले की आगे जांच जारी है।

# मुख्यमंत्री द्वारा हाईटेक प्रदर्शनी के उद्घाटन के साथ इनवैस्ट पंजाब के पांचवे एडीशन की शुरुआत

### प्रदर्शनी में दुनिया भर की मशहूर कंपनियों ने अपने उत्पादों का किया प्रदर्शन

• जालंधर ब्रीज.मोहाली



मुख्यमंत्री भगवंत मान ने गुरूवार को इंडियन स्कूल ऑफ बिज़नस में हाईटेक एग्जीबिशन ( प्रदर्शनी) का उद्घाटन करते हुये प्रगतिशील पंजाब सम्मेलन के पाँचवे ऐडीशन की शुरुआत की। प्रदर्शनी में दुनिया भर की प्रमुख कंपनियों ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री ने हरेक स्टॉल पर जाकर अलग-अलग कंपनियों के उत्पादों के बारे विस्तृत जानकारी ली। भगवंत मान ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक पल है क्योंकि विश्व भर की प्रमुख कंपनियाँ अपनी प्राप्तियाँ पेश करने के लिए एक मंच पर इकट्ठा हुयी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कंपनियां इस क्षेत्र में पहले ही दुनिया भर में अपनी काबलीयत साबित कर चुकी हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब इस मौके पर इन उद्यमियों का स्वागत करता है और उम्मीद करता है कि उनके सहयोग से जल्द ही राज्य में औद्योगिक विकास को काफी प्रोत्साहन मिलेगा। भगवंत मान ने सभी उद्योगपतियों को उनके हर उद्यम के लिए सरकार की तरफ से सहयोग का भरोसा दिया।

मुख्यमंत्री ने उम्मीद जतायी कि वह दिन दूर नहीं, जब राज्य जल्द ही देश के औद्योगिक केंद्र के तौर पर उभरेगा। इस दौरान उन्होंने एच. एम. ई. एल बठिंडा, आई. टी. सी., पलकशा यूनिवर्सिटी, ई. एस. आर लोपिस्टिकस प्राईवेट लिमिटिड, हिन्दोस्तान यूनीलिवर लिमिटिड, इंटरनेशनल ट्रैक्टरज़ लिमिटिड, टायनोर आरथोटिकस प्राईवेट लिमिटिड, सावी एक्सपोर्टस, सनाथन पोलीओट प्राईवेट लिमिटिड, ट्राइडेंट ग्रुप, यूके हाई कमिश्नर ऑफिस, हारटेक पावर, मास्टर्ज़ क्रिएशन, गिलार्ड इलेक्ट्रोनिक्स प्राईवेट लिमिटिड, एवन साईकलज़ लिमिटिड, मैसर्ज राजा फैट एंड फीड्स प्राईवेट लिमिटिड, आई. आई. टी. रोपड़, टैक्नोलोजी बिज़नस इनक्यूबेशन फाउंडेशन, नानोक्रिती प्राईवेट लिमिटिड, ऐडिथ हैल्थकेयर, डॉक्टर्स सॉफ्टवेयर स्टार्ट-अप पंजाब, मैसर्ज ब्लैक आई टैक्नोलोजीज़ प्राईवेट लिमिटिड, ऐगनैकस्ट बी. जी. इनोवाटैक, होलोकिताब टैक्नोलोजीज़, विश्वाज़ ए. आई. प्राइवेट लिमिटिड, बरियू थैराप्यूटिकस प्राईवेट लिमिटिड, किलडे प्राईवेट लिमिटिड, साईबरहाक्स इंटेलिजेंस सर्विसिज, एल. एल. पी. लोकल वैंचरज़ प्राईवेट लिमिटिड, निर्विघ्न सर्विसिज प्राईवेट लिमिटिड, के. सी. एस. ए. डी. लाईट्स (इंडिया) प्राईवेट लिमिटिड, जे. के. पेपरज़, नैसले इंडिया लिमिटिड और प्रदर्शनी में हिस्सा लेने वाली अन्य नामवर कंपनियों का धन्यवाद किया।

# लवप्रीत तूफान को रिहा करेगी पंजाब पुलिस

**अमृतसर :** अमृतसर के अजनाला में 'वारिस पंजाब दे' के प्रमुख अमृतपाल सिंह और पुलिस में झड़प हुई जिसके बाद अमृतपाल



सिंह के समर्थकों ने अजनाला थाने को घेर कर कब्जा कर लिया। ऐसे में पंजाब पुलिस बेबस नजर आई। दरअसल एक युवक से मारपीट के आरोप में अमृतपाल सिंह करीबी सहयोगी लवप्रीत तूफान सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। अमृतपाल सिंह और उनके समर्थक लवप्रीत तूफान सिंह को छोड़ने के मांग कर रहे हैं। पंजाब पुलिस ने इस मामले को लेकर एसआईटी का गठन किया है। साथ ही अमृतपाल सिंह के गिरफ्तार साथी लवप्रीत तूफान सिंह को फिलहाल डिस्चार्ज करने का फैसला लिया है।

साथ ही अमृतपाल सिंह के समर्थकों की मांगों को मानते हुए पुलिस ने गुरुवार की घटना का केस न दर्ज करने का भरोसा दिया है। अमृतसर के एसएसपी सतिंदर सिंह ने कहा है कि अमृतपाल सिंह धड़े ने केस से जुड़े सबूत दिए हैं। इसके अलावा अमृतसर के पुलिस कमिश्नर जसकरन सिंह ने कहा, "अभी जो एफआईआर हुई है, उसके एवज में ये लोग यहां आए और इन्होंने हमें गिरफ्तार व्यक्ति (लवप्रीत तूफान) के बेगुनाही के पर्याप्त सबूत दिए हैं। एसआईटी का गठन किया गया है और वह इस मामले की जांच करेगी।"


## पूर्व सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह ने जताई चिंता, केंद्र सरकार से की अपील



पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने अजनाला घटना पर चिंता जताई है। पूर्व सीएम ने कहा कि पंजाब में कानून व्यवस्था पूरी तरह खराब हो चुकी है। यह बेहद चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि यह घटना देश और राज्य की सुरक्षा के लिए चिंताजनक है। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि केंद्र सरकार को इस मामले में दखल देना चाहिए और पंजाब में राष्ट्रपति शासन लगाना चाहिए।

## सुप्रीम कोर्ट ने पवन खेड़ा की गिरफ्तारी पर 28 तक लगाई रोक

**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने पवन खेड़ा को राहत देते हुए



28 फरवरी तक गिरफ्तारी से संरक्षण प्रदान कर दिया है। इसके साथ ही पवन खेड़ा के खिलाफ दर्ज एफाईआर को एक साथ जोड़ने के लिए असम और उत्तर प्रदेश की सरकारों से जवाब भी मांगा गया है। आपको बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ टिप्पणियों को लेकर पवन खेड़ पर उत्तर प्रदेश के लखनऊ तथा वाराणसी में तथा असम में कई प्राथमिकी दर्ज की गई है। पवन खेड़ा की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी सुप्रीम कोर्ट में प्रस्तुत हुए थे।

## फीस त्रुटियों के कारण बोर्ड परीक्षाओं में विद्यार्थियों को ना बिठाए जाने का हरजोत बैंस ने लिया नोटिस

***विद्यार्थियों के भविष्य के मद्देनज़र बोर्ड चेयरपर्सन को तुरंत कार्यवाही करने के लिये कहा***



**चंडीगढ़ :** पंजाब के स्कूल शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड की तरफ से फरवरी/ मार्च-2023 में लिए जाने वाली पाँचवी, आठवीं, दसवीं और बारहवीं कक्षा की परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों को फीस त्रुटियों के कारण परीक्षा में ना बिठाए जाने का नोटिस लिया है। स्कूल शिक्षा मंत्री ने विद्यार्थियों के भविष्य के मद्देनज़र पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड के चेयरपर्सन को पत्र लिखकर पीड़ित विद्यार्थियों का कीमती समय बर्बाद होने से बचाने के लिए तुरंत कार्यवाही करने के बारे कहा है। स. बैंस ने बताया कि कुछ परीक्षार्थियों ने उनके ध्यान में लाया कि उन्होंने बहुत समय पहले ही अपनी बनती फीस अपने-अपने स्कूलों में जमा करवा दी थी परन्तु स्कूल प्रबंधकों ने वह फीस आगे बोर्ड के खाते में जमा नहीं करवाई या कम जमा करवाई है, जिसमें उनका कोई कसूर नहीं है। शिक्षा मंत्री बैंस ने कहा कि यह बहुत गंभीर कोताही है जिसकी सजा विद्यार्थियों को देनी ठीक नहीं है। बैंस ने बोर्ड चेयरपर्सन को कहा कि किसी भी विद्यार्थी को पेपर में बैठने से ना रोका जाये। कोताही के जिम्मेदार स्कूलों या अध्यापकों के खिलाफ तुरंत विभागीय कार्यवाही करके उनको सूचित किया जाये।

# पंजाब और हिमाचल प्रदेश पुलिस, नशों और शराब की तस्करी से निपटने के लिए मिलकर काम करेंगी

### पंजाब और हिमाचल प्रदेश के पुलिस मुखियों ने की तालमेल मीटिंग

• जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़



मुख्यमंत्री भगवंत मान की सोच अनुसार पंजाब को नशा मुक्त और अपराध मुक्त राज्य बनाने के लिए जारी मुहिम को और मज़बूत करने के लिए आज डायरैक्टर जनरल आफ पुलिस (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने पंजाब-हिमाचल प्रदेश सरहद के द्वारा नशों और नाजायज शराब की तस्करी सहित संगठित अंतर-राज्यीय अपराधों से निपटने के लिए हिमाचल प्रदेश के डीजीपी संजय कुंडू को पंजाब पुलिस की तरफ से पूरा सहयोग देने का भरोसा दिया। दोनों राज्यों के पुलिस मुखियों की तरफ से पंजाब पुलिस हैडक्वाटर में तालमेल मीटिंग की गई जिससे दोनों पुलिस बलों के दरमियान बेहतर तालमेल को यकीनी बनाया जा सके। पंजाब पुलिस और हिमाचल प्रदेश पुलिस के दरमियान पूरे तालमेल और टीम-वर्क का न्योता देते हुये डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि दोनों पुलिस बलों को एक टीम के तौर पर काम करना चाहिए और क्षेत्र में सुरक्षित हालात बनाये रखने के लिए नवीनतम प्रौद्योगिकी का प्रयोग करते हुये रियल टाईम इन्फार्मेशन सांझा की जाये और बुनियादी पुलिसिंग को यकीनी बनाया जाये। डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि हिमाचल प्रदेश पुलिस और पंजाब पुलिस की तरफ से पंजाब और हिमाचल प्रदेश सरहद पर सांझा ऑपरेशनों पर मिलकर काम किया जायेगा जिससे इन राज्यों में सक्रिय गैंगस्टरों और आपराधियों पर नजऱ रखी जा सके।

उन्होंने कहा कि नशों और नाजायज शराब की तस्करी को रोकने के लिए सरहद पर एंट्री/एग्जिट प्वाइंटों पर क्लोज्ड सर्किट टेलिविजऩ (सीसीटीवी) कैमरों के ढांचे को और मज़बूत करने का फ़ैसला भी किया गया है। उन्होंने दोनों पड़ोसी राज्यों के ज़िला पुलिस मुखियों और एसएसपीज़ के दरमियान लगातार मीटिंगें करने का प्रस्ताव रखा जिससे इस क्षेत्र में सक्रिय गैंगस्टरों और आपराधिक गिरोहों की गतिविधियों के बारे विचार-विमर्श किया जा सके क्योंकि इन राज्यों में घटती घटनाएँ और अपराध के ढंग एक ही जैसे हैं। डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि पंजाब पुलिस मुख्यमंत्री भगवंत मान की सोच अनुसार पंजाब को अपराध मुक्त राज्य बनाने के लिए दोनों पुलिस बलों के दरमियान बेहतर तालमेल को यकीनी बनाने के लिए वचनबद्ध है। इस दौरान डीजीपी हिमाचल प्रदेश संजय कुंडू ने पंजाब पुलिस को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिया।

## कांग्रेस ने केस वापस लिया, पीएफआई को मोदी ने प्रतिबंधित किया : अमित शाह



**बेंगलुरू :** गृह मंत्री अमित शाह ने कर्नाटक के बल्लारी में 'विजय संकल्प समावेश' में कांग्रेस और जेडीएस दोनों पर जमकर निशाना साधा। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि आज कांग्रेस जिसने देश के आज़ादी आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई वो परिवारवादी व्यवस्था में घिर चुकी है। कांग्रेस की आंतरिक लोकतांत्रिक व्यवस्था खत्म हो चुकी है। हमारी पार्टी में लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव होते हैं। अध्यक्ष के पिता कभी अध्यक्ष नहीं होते।

अमित शाह ने कहा कि हम सभी को यह सुनिश्चित करना है कि 2047 तक, भारत दुनिया में हर पहलू में नंबर वन बन जाए, वो ग्लोबर लीडर बन जाए! आज हम आजादी का 'अमृत महोत्सव' मना रहे हैं। ये समय है 1947 से लेकर 2022 तक की हमारी यात्रा को देखने का, इतने समय में हमने बहुत सारी उपलब्धियां हासिल की है और बहुत सारी अभी भी हासिल करनी हैं। हम भारत में इसे दो भागों में विभाजित करने के परिदृश्य का विश्लेषण करेंगे- आजादी के बाद से 65 साल की अवधि और मोदी सरकार के लगभग 10 साल। श्री कृष्ण कभी राजा नहीं बने थे, वह नायक थे, वहां गणतंत्र था राजतंत्र की व्यवस्था नहीं थी। मगध और मगध के बाद के राज्यों में भी गणतंत्र था और कर्नाटक में भी भगवान बसवेश्वर ने गणतंत्र की स्थापना की थी।

# फुलेरा दूज पर आखिर क्यों खेली जाती है फूलों की होली




हिंदु धर्म में फुलेरा दूज के पर्व का काफी महत्व है। इस दिन फूलों की होली खेली जाती है। यहां जानिए क्यों फुलेरा दूज पर खेली जाती है फूलों की होली।

• **जालंधर ब्रीज.** फीचर

होली रंगों के अलावा फूलों से भी खेली जाती हैं। फूलेरा दूज के दौरान अगर आप बरसाना या फिर वृंदावन जाने के बारे में सोच रहे हैं तो आपको इस दिन के बारे में जानना चाहिए। इस बार फूलेरा दूज का पर्व 21 फरवरी 2023 को मनाया जाएगा। इस दिन को होली के शुभारंभ के तौर पर देखा जाता है। यहां जानिए क्यों फुलेरा दूज पर खेली जाती है फुलों की होली।

**कैसे हुई फुलेरा दूज की शुरुआत :** कहते हैं कि एक बार श्रीकृष्ण अपने कामों में इतना व्यस्त हो गए कि वह राधारानी से मिलने नहीं जा सके। जिसकी वजह से राधारानी काफी उदास हो गईं। अब राधा को दुखी देख गोपिया भी उदास हो गई और फिर क्या था राधारानी की उदासी प्रकृति में दिखने लगी। फूल, पत्ते और जंगल सभी सूखने लग गए। इस नजारे को देख श्रीकृष्ण को राधारानी की हालत का पता चल गया और फिर वह राधा से मिलने बरसाना चले गए। श्रीकृष्ण को देख राधा खुश हो गई और फिर मुर्झाए हुए फूल पत्ते खिल उठें।

कहा जाता है कि इस दौरान श्रीकृष्ण ने फूल तोड़कर राधा पर फेंक दिए थे। जिसके बाद राधा और गोपियों ने मिलकर श्रीकृष्ण संग फूलों की होली खेली थी। तब से इस दिन को फुलेरा दूज के नाम से जाना जाता है। इस दिन मंदिरों में भगवान श्रीकृष्ण और राधा की विशेष पूजा होती है और दोनों के लिए फूलों वाली होली का आयोजन भी होता है।

**फुलेरा दूज के दिन कहां जाएं :** फुलों की होली का अद्भुत नजारा देखने के लिए आप बरसाना और वृंदावन जा सकते हैं। यहां अधिकतर मंदिरों में फूलों की होली का आयोजन किया जाता है। बांके बिहारी मंदिर में भी भक्तों की भीड़ पहुंचती है।

**दिल्ली से बरसाना कैसे पहुंचे :** मथुरा से 45 किमी दूर स्थित बरसाना पहुंचना काफी आसान है। ये जगह हवाई, सड़क और रेल मार्ग से अच्छी तरह से जुड़ी हुई है।

**हवाईजहाज से–** बरसाना का निकटतम हवाई अड्डा आगरा में है, जो 100 किमी दूर है। एयरपोर्ट से आप बरसाना पहुंचने के लिए टैक्सी बुक कर सकते हैं। हालांकि, आगरा हवाई अड्डे की कनेक्टिविटी कम होने के कारण, बहुत से लोग दिल्ली में इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए उड़ान भरना पसंद करते हैं, जो बरसाना से 150 किमी दूर है। बरसाना पहुंचने के लिए आप एयरपोर्ट से टैक्सी बुक कर सकते हैं।

**ट्रेन से–** बरसाना के सबसे पास मथुरा रेलवे स्टेशन है, जो नंदगांव से 45 किमी दूर है। मथुरा रेलवे स्टेशन दिल्ली, आगरा, लखनऊ और मुंबई जैसे दूसरे शहरों से अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है। आप मथुरा रेलवे स्टेशन से पहुंचने के लिए टैक्सी बुक कर सकते हैं।

**बस से–** बरसाना के आसपास की जगहों से आप बस में ट्रैवल कर सकते हैं।

FASHION+

## सोनम कपूर ने सफेद कुर्ते संग लिया लाल रंग का ब्रोकेड दुपट्टा

स्वरा भास्कर की इंगेजमेंट पार्टी में पहुंची सोनम कपूर ने सिंपल से व्हाइट कुर्ते के साथ लाल रंग का दुपट्टा कैरी किया था। आप चाहें तो व्हाइट कुर्ते के साथ इस तरह के दुपट्टे को कैरी करें।



• **जालंधर ब्रीज.** फीचर

एक्ट्रेस स्वरा भास्कर की सगाई पार्टी में पहुंची सोनम कपूर काफी एलिगेंट लुक में नजर आ रही थीं। इस डे लंच पार्टी के लिए सोनम कपूर ने बिल्कुल सिंपल बट हैवी लुक को चुना था। सफेद रंग के कुर्ते में तैयार सोनम ने अपने लुक को वेडिंग फंक्शन के लिए लाल रंग के दुपट्टे के साथ मैच किया था। जिसमे वो काफी क्लासी दिख रही थीं। सफेद रंग के कुर्ते की नेकलाइन और स्लीव पर एंब्रायडरी की गई थी। वहीं साथ में भारी भरकम ब्रोकेड एंब्रायडरी वाला दुपट्टा बेहद अट्रैक्टिव लग रहा था। अपने इस लुक को कंप्लीट करने के लिए सोनम में गोल्डन कोल्हापुरी चप्पल और हैवी ईयररिंग्स को चुना था। वहीं पैर में पहनी सोने की पायल पूरी लाइमलाइट चुरा रही थी।

### सफेद कुर्ते को इस तरह से करें स्टाइल

प्लेन व्हाइट कुर्ते को कई तरह से स्टाइल किया जा सकता है। अगर आपके पास व्हाइट अनारकली कुर्ता है तो इसे कई तरह के दुपट्टे के साथ पहनकर वेडिंग और डे पार्टीज के लिए रेडी हुआ जा सकता है। सोनम कपूर की तरह सिल्क या ब्रोकेड के दुपट्टे के अलावा ये लुक्स भी अट्रैक्टिव लगते हैं।

### गोल्डन दुपट्टे के साथ करें मैच



आप चाहें तो प्लेन व्हाइट अनारकली कुर्ते को गोल्डन जरी वर्क वाले दुपट्टे के साथ कैरी करें। इंगेजमेंट से लेकर मेहंदी, संगीत की पार्टी के लिए ये ड्रेस आपको परफेक्ट लुक देगी।

### सफेद कुर्ते को मल्टीकलर जैकेट के साथ भी कर सकती हैं पेयर

अगर आप दुपट्टा नहीं कैरी करना चाहती हैं तो प्लेन व्हाइट कुर्ते को मल्टीकलर शिमरी वर्क वाले ब्लेजर के साथ भी पेयर कर सकती हैं। ये दिखने में अट्रैक्टिव लगता है।

### सिल्वर ज्वैलरी लगेगी बेस्ट

प्लेन व्हाइट कुर्ते को पहन रही हैं तो साथ में सिल्वर ज्वैलरी को मैच करें। ये लुक काफी लोग फॉलो कर चुके हैं लेकिन अभी भी लड़कियों के बीच इस लुक का क्रेज कम नहीं हुआ है। तो नेक्सट वेडिंग फंक्शन अटेंड करने के लिए आप भी प्लेन व्हाइट कुर्ते को इन तरीकों से स्टाइल करके देखें, हर किसी की निगाहें आप पर ही होंगी।

## बच्चों के लिए बनाएं **अंडा मैकरोनी**, फटाफट बनकर हो जाएगी तैयार



बच्चे अक्सर शाम को भूख लगने पर जंकफूड की डिमांड करते हैं। ऐसे में उन्हें कुछ टेस्टी और हेल्दी खाने को दें। अंडा मैकरोनी बनाने में आसान होने के साथ ही फटाफट बनकर तैयार हो जाती है। जानें बनाने की विधि।



• **जालंधर ब्रीज.** रेसिपी

बच्चों की डाइट में हेल्दी खाना शामिल करना जरूरी होता है। लेकिन बच्चे तो हमेशा टेस्टी और जंकफूड खाने की ही डिमांड करते हैं। खासतौर पर शाम वाली भूख के लिए वो हमेशा जंकफूड की ही डिमांड करते हैं। ऐसे में जरूरी है कि कुछ ऐसा बनाकर खिलाएं जो टेस्टी और हेल्दी दोनों हो। आप चाहें तो फटाफट अंडा मैकरोनी बनाकर खिला सकती हैं। ये बच्चों का पेट भरने के साथ ही टेस्टी भी लगेगा। तो चलिए जानें कैसे बनाएं टेस्टी अंडा मैकरोनी रेसिपी।

### अंडा मैकरोनी बनाने की सामग्री

- डेढ़ कप मैकरोनी
- आधा चम्मच नमक
- पानी डेढ लीटर
- 4 अंडे
- नमक स्वादानुसार
- लाल मिर्च पाउडर
- तेल दो चम्मच
- मसाला मैकरोनी
- लहसुन बारीक कटा हुआ
- हरी मिर्च दो बारीक कटी हुई
- शिमला मिर्च बारीक कटी हुई
- गाजर बारीक कटी हुई
- टमाटर
- धनिया पाउडर
- हरा प्याज
- काली मिर्च पाउडर
- गरम मसाला
- जीरा पाउडर
- नमक स्वादानुसार
- टोमैटो सॉस
- तेल दो से तीन चम्मच

### अंडा मैकरोनी बनाने की विधि

सबसे पहले मैकरोनी को पानी में उबाल लें। किसी गहरे बर्तन में डेढ लीटर पानी डालें गर्म होने दें। इस पानी में थोडी मात्रा में तेल और नमक डाल दें। पानी गर्म हो जाए तो मैकरोनी डालकर पकाएं। जब मैकरोनी सॉफ्ट हो जाए तो पानी से छानकर रख लें।

अंडे को पकाने के लिए किसी पैन में तेल डालकर गर्म करें। जब तेल गर्म हो जाते तो चारों अंडों को फोड़कर डाल दें। ऊपर से नमक और लाल मिर्च डालें। अच्छी तरह से अंडों को स्क्रम्बल करते हुए पकाएं।

### अंडा मैकरोनी बनाने का तरीका

किसी पैन में तेल डालकर गर्म करें। जब तेल गर्म हो जाए तो लहसुन डालें। सुनहरा होने के बाद इसमे हरी मिर्च और प्याज डालें। साथ में शिमला मिर्च और गाजर डालें। जब ये पकने लगे तो टमाटर डालकर ढंक दें। अच्छी तरह से सॉफ्ट होने के बाद धनिया पाउडर, जीरा पाउडर, गरम मसाला पाउडर डालकर मिलाएं। धीमी आंच पर भूनें और उबली हुई मैकरोनी और टोमैटो सॉस डालकर मिक्स करें। सबसे आखिर में स्क्रम्बल किए हुए अंडों को डालकर मिक्स करें और गर्मागर्म प्लेट में सर्व करें।

## बच्चों का एग्जाम की वजह से बढ़ रहा तनाव तो पैरेंट्स को करना चाहिए ये काम




• **जालंधर ब्रीज.** फीचर

एग्जाम का टाइम चल रहा है। बोर्ड एग्जाम के साथ ही होम एक्जामिनेशन भी चल रहे हैं। ऐसे में बच्चों को पढ़ाई की वजह से स्ट्रेस हो जाता है। बच्चों में स्टडी का तनाव बनाने की वजह पैरेंट्स को उनके स्ट्रेस को कम करने की जरूरत होती है। जिससे कि वो एकाग्रता के साथ पढ़ाई में मन लगा सकें। अगर आपका बच्चा भी पढ़ाई को लेकर कुछ ज्यादा ही स्ट्रेस ले रहा है तो उसकी इस तरह से हेल्प करें।

**ना डालें प्रेशर :** बच्चे अपनी पढ़ाई और एग्जाम को लेकर पहले ही स्ट्रेस में रहते हैं। ऐसे में उनके ऊपर पढ़ाई का प्रेशर बनाने की बजाय उनकी हेल्प करें। बच्चे से स्टडी और एग्जाम की प्रिपरेशन को लेकर ढेर सारे सवाल ना पूछें बल्कि स्टडी में उनकी मदद करें। उन्हें लेसन्स को याद रखने का तरीका बताएं।

**बच्चे से करें बात :** अगर आप कामकाजी है तो बच्चे के लिए समय निकालें। बच्चा अकेले में पढ़ रहा ऐसा जरूरी नहीं। हो सकता है स्ट्रेस की वजह से उसका मन पढ़ाई में नहीं लग रहा हो। ऐसे में समय निकालकर उसके साथ बातचीत करें। उसे तसल्ली दिलाएं कि एग्जाम अच्छा जाएगा और वो टेंशन ना लें। स्कोर और रिजल्ट की टेंशन पहले ही बच्चों को ना दें। जिससे कि वो हर तरह के मार्क्स के लिए तैयार रहे।

**शांत रहना सिखाएं :** बच्चा एग्जाम की वजह से स्ट्रेस में है तो उसे पढ़ाई के बीच में ब्रीदिंग एक्सरसाइज करना सिखाएं। ऐसा करने से उसे चीजों को याद रखने में मदद मिलेगी और दिमाग फ्रेश होगा।

**खानपान का रखें पूरा ध्यान :** एग्जाम टाइम में बच्चे की डाइट का पूरा ध्यान रखें। ऐसी चीजें खाने को दें जो उसे एनर्जी दें और सुस्ती को दूर भगाएं। फल-सब्जियां, अनाज, स्प्राउट्स. अंडे, दूध, ड्राई फ्रूट्स को डाइट में देने से उसकी मेंटल हेल्थ पर भी असर पड़ेगा।

## किडनी और कोलेस्ट्रॉल के लिए रामबाण है ये घास, चर्बी की भी होगी छुट्टी

HEALTH+

लेमनग्रास एक औषधीय पौधा है, जिसे डायट में शामिल करने पर हेल्थ को कई तरह से फायदे मिल सकते हैं। इसमें विटामिन ए, विटामिन सी की भरपूर मात्रा होती है। जानिए इसके अद्भुत फायदे-



• **जलंधर ब्रीज.** हेल्थ

सेहत का ख्याल रखने के लिए आपको किसी महंगी चीज की जरूरत बिल्कुल नहीं होती है। कुछ चीजों को ध्यान में रखकर और अच्छी खाने की चीजों को खाकर सेहत का ख्याल रखा जा सकता है। सेहतमंद रहने के लिए जड़ी-बूटियां और हर्बल चाय का इस्तेमाल सदियों से किया जाता आ रहा है। लेमनग्रास टी भी उन्हीं में से एक है जो शरीर को कई फायदे पहुंचाने में मदद कर सकती है। यहां कुछ लाजवाब फायदे हैं।

### वजन होता है कम

लेमनग्रास की चाय में कैलोरी की मात्रा काफी कम होती है। यह आपके वजन को कम करने में मदद करता है। इस घास से बनी चाय पीने से आपका पेट भी भरता है और आप कम खाने से बच जाते हैं। चाय में पॉलीफेनोल्स होते हैं जो एनर्जी और फैट ऑक्सीकरण को बढ़ाने के लिए पाए जाते हैं, जिससे वजन घटाने में मदद मिलती है। इसका इस्तेमाल बॉडी डिटॉक्स के लिए भी किया जाता है, और यह आपके मेटाबॉलिज्म को किकस्टार्ट करता है। इसे पर्याप्त मात्रा में पीने से आपको पानी का वजन कम करने में मदद मिलती है।

### किडनी फंक्शनिंग होती है बेहतर

लेमनग्रास टी एक अच्छे डिटॉक्स के रूप में काम करती है और यह किडनी को भी साफ करने में मदद कर सकती है। यह हमेशा उनके कामकाज में सुधार कर सकता है। लेमन ग्रास में मूत्रवर्धक गुण होता है। इसका सेवन करने से बार-बार पेशाब जाने की जरूरत हो सकती है। इससे शरीर के टॉक्सिन पेशाब के जरिए बाहर निकल सकते हैं। ऐसे में ये किड़नी फंक्शनिंग को बेहतर बना सकती है।

### कोलेस्ट्रॉल होगा मैनेज

कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित रखने में लेमन ग्रास फायदेमंद हो सकती है। रिपोर्ट की मानें तो लेमन ग्रास से अपच, गैस्टिक की समस्या और पेट संबंधित परेशानियों से राहत मिल सकती है।

### गले की खराश होगी दूर

लेमनग्रास टी के एंटीबैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण आपके श्वसन तंत्र की कंजेशन को कम कर सकते हैं, जिससे गले की खराश से राहत मिलती है। चाय में शरीर से टॉक्सिन को साफ करने में मदद मिलती है।

### गहरी नींद मिलेगी

लेमनग्रास टी का शांत प्रभाव पड़ता है, जो गहरी नींद में मदद कर सकता है। यह अनिद्रा और चिड़चिड़ापन को दूर करने में भी मदद कर सकती है।

### एंग्जायटी वालों के लिए फायदेमंद

रिपोर्ट की मानें तो लेमनग्रास के शांत प्रभाव चिंता को कम करने में मदद करते हैं। इसकी खुशबू से आप मन को शांत कर सकते हैं।

### कैंसर से निपटने में मददगार

रिपोर्ट्स की मानें तो लेमनग्रास का अर्क कैंसर के शुरुआती स्टेज को रोक सकता है। स्टडी से पता चला है कि कैसे लेमनग्रास का अर्क कैंसर के इलाज के लिए एक गैर विषैले विकल्प हो सकता है। कुछ रिपोर्ट की मानें तो लेमनग्रास प्रोस्टेट कैंसर के इलाज में भी मदद करती है।

### लेमनग्रास चाय कैसे बनाएं

4 कप पानी
2 कप कटे हुए लेमनग्रास के डंठल

### कैसे बनाएं

- एक मीडियम सॉस पैन में, पानी को तेज आंच पर उबालने के लिए ले आएं।
- लेमनग्रास के डंठल डालकर 5 मिनट तक उबालें।
- फिर इसे छान लें। और गरम या ठंडा परोसें।
- आप चाहें तो अपनी रोजाना की काली चाय में लेमनग्रास डाल सकते हैं।

# "पूर्वोत्तर के कार्य तेजी से और सबसे पहले करें!" – बजट 2023-24 की अंतर्दृष्टि

नौ साल पहले जनादेश मिलने के बाद, माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने "कर्म परमो धर्मः" के दर्शन का अनुकरण किया, जो कठिन परिश्रम और ईमानदार इरादे के साथ कड़ी मेहनत करने से सम्बन्धित है। इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि हमारे सामने कितनी कठिन चुनौतियां हैं, भारत को "विश्व गुरु" बनाने के सपने के लिए हम अपने मार्ग पर मजबूती से आगे बढ़ रहे हैं।

पूरे देश ने पिछले 9 वर्षों में व्यापक परिवर्तन देखे हैं- उपेक्षा और संकट की छाया के बीच पूर्वोत्तर का उदय हुआ है और यह क्षेत्र भारत के विकास इंजन के रूप में उभरकर सामने आया है, जिसे अभूतपूर्व प्रयासों और अविश्वसनीय इच्छाशक्ति की एक प्रेरक कथा माना जा सकता है। परिणामस्वरूप, समग्र प्रगति और विकास के युग की शुरुआत हुई है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हाल ही में 2023-2024 का बजट पेश किया है और बजट में प्रस्तावित प्रगति के मार्ग का विश्लेषण; पूर्वोत्तर के दृष्टिकोण के जरिये किया जाना चाहिए। अष्टलक्ष्मी राज्यों की 7 प्राथमिकताओं- समावेशी विकास, अंतिम व्यक्ति तक लाभ, अवसंरचना, निवेश क्षमता, हरित विकास, युवा और वित्तीय क्षेत्र में सुधार- को सप्तऋषि की संज्ञा दी गयी है। निस्संदेह, पूर्वोत्तर राज्यों को इन प्राथमिकताओं से लाभ प्राप्त होगा।

पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय (डोनर) के लिए 2023-24 के लिए बजट में 5,892.00 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जो 2022-23 के आरई आवंटन (2,755.05 करोड़ रुपये) से 114 प्रतिशत अधिक है। यह इरादे के अनुरूप कार्य का निर्विवाद और अकाट्य प्रमाण है। उल्लेखनीय है कि इनमें से पूंजीगत परिसंपत्ति के निर्माण के लिए समर्पित पूंजीगत व्यय के रूप में 4,093.25 करोड़ रुपये (92 प्रतिशत) का प्रावधान किया गया है।

इसके अतिरिक्त, 2014 से, 54 केंद्रीय मंत्रालयों के बजट आवंटन में भी भारी वृद्धि हुई है तथा मंत्रालयों के लिए कार्यादेश है कि वे अपने सकल बजटीय समर्थन का 10 प्रतिशत पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए समर्पित करें। यह अब बढ़कर 94,679.53 करोड़ रुपये हो गया है, जो 2022-23 के आवंटन से लगभग 30 प्रतिशत अधिक है। पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए पिछले कुछ वर्षों के वित्तीय प्रोत्साहन को देखते हुए, यह स्पष्ट है कि 2023-24 में 10 प्रतिशत जीबीएस का प्रावधान; 2014-15 के वास्तविक व्यय, जो लगभग 24,819.18 करोड़ था, की तुलना में लगभग 281 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। इस वित्तीय वर्ष के अंत तक पूर्वोत्तर क्षेत्र में लगभग 5 लाख करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके होंगे और यह प्रधानमंत्री के पूर्वोत्तर क्षेत्र को दक्षिण पूर्व एशिया के प्रवेश द्वार के रूप में विकसित करने के दृष्टिकोण की पुष्टि है तथा हमारी एक्ट ईस्ट नीति के अनुरूप भी है।

ज़मीनी स्तर पर अधिकतम प्रभाव सुनिश्चित करने के लिए डोनर को लक्षित पैकेज और योजनाओं के साथ राजकोषीय समर्थन प्रदान किया गया है। उदाहरण के तौर पर, पूर्वोत्तर के लिए नयी प्रधानमंत्री विकास पहल (पीएम-डिवाइन) योजना के तहत 6,600 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जिसका उद्देश्य युवाओं और महिलाओं के लिए आजीविका के अवसरों का सृजन करते हुए, पूर्वोत्तर राज्यों में बड़े पैमाने की परियोजनाओं के साथ अवसंरचना-विकास को पुनः सशक्त करना है।

जालंधर ब्रीज



जी किशन रेड्डी
(भारत सरकार में पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास, पर्यटन और संस्कृति मंत्री है।)

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना के तहत स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को समर्थन या जनजातीय समूहों के विकास और उत्थान के लिए प्रधानमंत्री पीवीटीजी (विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह) कार्यक्रम जैसी पहल के माध्यम से हमारी जड़ों को मजबूत करने और विकास के अंतिम सिरे पर खड़े व्यक्ति को सशक्त बनाने पर बजट का विशेष ध्यान; महिलाओं के नेतृत्व वाले स्वयं सहायता समूहों की क्षमता को भी बढ़ावा देगा।

पूर्वोत्तर का कृषि-बागवानी क्षेत्र संभावनाओं से भरपूर है और बजट में इसके उपयोग के लिए कई अवसर मौजूद हैं। पूर्वोत्तर क्षेत्र को सफलता के उदाहरण के रूप में पेश किया जा सकता है और प्राकृतिक खेती के तहत 1 करोड़ किसानों को लाने का लक्ष्य हासिल करने की बात देश को प्रेरित कर सकती है। इसी तरह, कृषि-त्वरक कोष इस क्षेत्र में स्टार्टअप्स की मौजूदा क्षमता को बढ़ावा देगा। इसके साथ ही, कौशल विकास, पर्यटन क्षमता के विकास, डिजिटलीकरण, सतत विकास पर जोर और हरित कार्यक्रम पर हमारा विशेष ध्यान; पूर्वोत्तर क्षेत्र के सतत विकास की दिशा में भारत सरकार द्वारा किए जा रहे मौजूदा प्रयासों का पूरक है।

सुरक्षा और शांति इस क्षेत्र की एक प्रमुख चुनौती थी, लेकिन सरकार के निरंतर प्रयासों और राज्यों के घनिष्ठ सहयोग से, पूर्वोत्तर आज शांति और स्थिरता के एक अभूतपूर्व युग में प्रवेश कर गया है। 2014 के बाद से, इस क्षेत्र में उग्रवाद की घटनाओं में 74 प्रतिशत की कमी आयी है और 8,000 से अधिक युवा आत्मसमर्पण करने के बाद उज्जवल भविष्य की कामना कर रहे हैं।

इसी तरह, परिवहन व दूरसंचार संपर्क का विकास किसी क्रांति से कम नहीं है। 2014 से पहले सिर्फ असम ही रेलवे से जुड़ा था। अब अगरतला और ईटानगर को भी जोड़ दिया गया है तथा अन्य राजधानियों को भी जल्द ही रेल-सुविधा प्राप्त होगी। हमारे राष्ट्रीय राजमार्गों के माध्यम से पूर्वोत्तर में निर्बाध सड़क संपर्क सुनिश्चित करने के लिए सरकार 1.6 लाख करोड़ रुपये खर्च कर रही है। हवाई संपर्क के संदर्भ में, पांच पूर्वोत्तर राज्यों- मिजोरम, मेघालय, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और नागालैंड- से आजादी के बाद पहली बार हवाई उड़ानें भरीं गयीं। 2014 में इस क्षेत्र में सिर्फ 9 हवाई अड्डे थे, अब इस क्षेत्र में हवाई अड्डों की संख्या लगभग दोगुनी होकर 17 हो गई है, जिनमें ईटानगर का डोनी पोलो नवीनतम हवाई अड्डा है। भारत सरकार ने 2023 के अंत तक क्षेत्र में पूर्ण दूरसंचार संपर्क की सुविधा प्रदान करने के लिए 500 दिनों का लक्ष्य निर्धारित किया है, जिससे दूरसंचार संपर्क में भी व्यापक विस्तार देखा जा रहा है।

अंतिम और सबसे महत्वपूर्ण पहल है- 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना के साथ लोगों के बीच आपसी संपर्क स्थापित करना और भावनात्मक जुड़ाव को गहरा करना। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, पूर्वोत्तर का शेष भारत के साथ सांस्कृतिक और भावनात्मक एकीकरण तथा पराया होने की भावना को दूर करना सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। युवाओं में सांस्कृतिक जुड़ाव मजबूत करने के लिए अब 'युवा संगम' के तहत युवा सांस्कृतिक आदान-प्रदान यात्राएं आयोजित की जाएंगी। लोगों तक पहुंचने, उनसे बातचीत करने, योजनाओं के कार्यान्वयन की निगरानी करने और मुद्दों को तत्काल हल करने के लिए कम से कम 16 केंद्रीय मंत्री हर महीने पूर्वोत्तर का दौरा करते हैं।

हाल की उत्तर-पूर्व परिषद के स्वर्ण जयंती समारोह में माननीय प्रधानमंत्री का आह्वान, "पूर्वोत्तर के कार्य तेजी से करें और सबसे पहले करें" ('एक्ट फास्ट फॉर नॉर्थ ईस्ट, एक्ट फर्स्ट फॉर नॉर्थ ईस्ट') ही पूर्वोत्तर क्षेत्र की आगे बढ़ने की यात्रा का मूलमंत्र है। अब पीछे मुड़कर नहीं देखना है। बहानों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा, क्योंकि वे दिन अब बीत चुके हैं। पूर्वोत्तर के विकास के लिए कदम मजबूती से उठाए जा चुके हैं!

# भारतीय कोयला क्षेत्र खनन की सुदृढ़ व्यवस्था के जरिए पर्यावरण की देखभाल सुनिश्चित कर रहा है

कोयला मंत्रालय के तत्वावधान में कोयला और लिग्नाइट से जुड़े पीएसयू न केवल देश की तेजी से बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को पूरा कर रहे हैं बल्कि कोयला खनन क्षेत्रों में पर्यावरण संरक्षण के लिए अनेक उपाय भी कर रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण की सफलता की कुछ उल्लेखनीय कहानियों में सामुदायिक उद्देश्यों के लिए खदान के अधिशेष पानी का लाभदायक उपयोग, पुनर्निर्मित खनन क्षेत्रों में इको-माइन पर्यटन को बढ़ावा देते हुए हरित क्षेत्र को अधिकतम करना, खनन की प्रक्रिया में निकले अनुपयोगी पदार्थों (ओवरबर्डन) का वैकल्पिक उपयोग, ऊर्जा दक्षता उपाय और कई अन्य शामिल हैं। तेजी से हो रहे शहरीकरण, औद्योगीकरण और जनसंख्या वृद्धि ने जल संसाधनों पर काफी दबाव डाला है। अत: पानी की हर बूंद को संरक्षित और सुरक्षित करने का सही समय है, क्योंकि प्रत्येक बूंद मायने रखती है।

कोयला निकालने की प्रक्रिया के दौरान खानों में एकत्रित भूजल की बड़ी मात्रा का उपयोग, न्यूनतम शोधन के बाद, सिंचाई और पीने के लिए किया जा सकता है। कोयला और लिग्नाइट से जुड़े पीएसयू सामुदायिक उपयोगों जैसे पेयजल और सिंचाई के रूप में अपने नियंत्रण वाले क्षेत्रों में इसकी आपूर्ति करके खदान के पानी के संरक्षण और कुशल उपयोग के लिए अनेक कदम उठा रहे हैं। सक्रिय खदानों से छोड़े गए पानी के साथ-साथ कोयला और लिग्नाइट से जुड़े पीएसयू द्वारा उत्पादन या परिचालन नहीं कर रही खदानों में उपलब्ध पानी, कोयला खनन क्षेत्रों के नजदीक 900 गांवों में रहने वाले लगभग 18 लाख लोगों को लाभान्वित करता है। चालू वित्त वर्ष में, कोयला और लिग्नाइट से जुड़े पीएसयू सामुदायिक उपयोग के लिए खान के लगभग 4000 एलकेएल जल की आपूर्ति करने की योजना बना रहे हैं, जिसमें से दिसम्बर 2022 तक 2788 एलकेएल की आपूर्ति की जा चुकी है। इसमें से 881 एलकेएल का उपयोग पीने सहित घरेलू उद्देश्यों के लिए किया गया है। शेष 1907 एलकेएल का उपयोग सिंचाई उद्देश्यों के लिए किया गया है। खदान के पानी के अधिकांश लाभार्थी जनजातीय लोग हैं जो दूरदराज के इलाकों में रहते हैं। यह प्रयास भारत सरकार के जल संरक्षण प्रयासों के "जल शक्ति अभियान" की तर्ज पर है।

भंडार समाप्त होने और खनन किए गए क्षेत्रों के उचित सुधार के बाद, खदान क्षेत्रों में, इको-पार्कों, वाटर स्पोर्ट्स स्थलों, भूमिगत खदान पर्यटन, गोल्फ कोर्सों, साहसिक गतिविधियों, बर्ड वाचिंग, आदि विकसित करने की अच्छी संभावनाएं हैं। ये इको-पार्क स्थानीय आबादी के लिए आजीविका का एक स्रोत प्रदान कर रहे हैं। समय के साथ, कोयला और लिग्नाइट से जुड़े पीएसयू ने विभिन्न राज्यों में कुल 30 इको-पार्क विकसित किए हैं, जो नियमित पैदल चलने के लिए आकर्षित कर रहे हैं, तथा इस तरह के और अधिक इको-पर्यटन और इको-रिस्टोरेशन साइट्स के निर्माण की योजनाएं जारी हैं। कुछ इको-पार्क पहले से ही स्थानीय पर्यटन सर्किट का हिस्सा हैं और कोयला व लिग्नाइट से जुड़े पीएसयू अपने संबंधित राज्य पर्यटन विभागों के साथ मिलकर अधिक इको-पार्कों को जोड़ने का काम कर रहे हैं।

कोयला और लिग्नाइट पीएसयू ने भी पर्यावरण के प्रतिकूल प्रभावों को कम करने के लिए विभिन्न उपाय अपनाकर पर्यावरण के प्रति अपनी संवेदनशीलता और चिंता दिखाई है, जिसमें खनन क्षेत्रों का सुधार और कोयला निकालने के असर वाले क्षेत्रों एवं उसके आसपास व्यापक वृक्षारोपण शामिल है। जिम्मेदारीपूर्ण पर्यावरणीय प्रबंधन के लिए आवश्यक है कि परित्यक्त

जालंधर ब्रीज



भवानी प्रसाद पति, आईएएस
(लेखक, भारत सरकार के कोयला मंत्रालय में संयुक्त सचिव हैं।)

खनन भूमि को उसके पिछले, स्थिर और उपयोगी भूमि उपयोगों में वापस लाया जाए। कोयला और लिग्नाइट से जुड़े पीएसयू कोयला खनन की गतिविधियों को कम करने के लिए गंभीर प्रयास कर रहे हैं। खदानों को बंद करने की अच्छी तरह से तैयार की गई और अनुमोदित योजनाओं, जिनमें खदानों को प्रगतिशील तरीकों और उन्हें अंतिम रूप से बंद करने से संबंधित विशिष्ट प्रावधान शामिल हैं, के अनुरूप कोयला खदानों को फिर से उपयोगी बनाने के कार्य किए जा रहे हैं।

कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने 2022-23 के दौरान दिसंबर 2022 तक 31 लाख से अधिक पौधे लगाए हैं। पिछले पांच वित्तीय वर्षों के दौरान (वित्तीय वर्ष'22 तक) खनन पट्टा क्षेत्र के भीतर 4392 हेक्टेयर हरियाली ने वातावरण से 2.2 एलटी/वर्ष कार्बन सोखने (कार्बन सिंक) की क्षमता का निर्माण किया है। कोयला/लिग्नाइट से जुड़े पीएसयू ने चालू वित्त वर्ष में दिसम्बर 2022 तक लगभग 2230 हेक्टेयर भूमि पर पौधे और लगभग 360 हेक्टेयर भूमि पर घास लगाई है। कोयला और लिग्नाइट पीएसयू अपनी खानों में सीड बॉल प्लांटेशन, ड्रोन और मियावाकी पौधारोपण के माध्यम से बीज कास्टिंग जैसी नवीन तकनीकों को भी लागू कर रहे हैं। खनित क्षेत्र, खनन की प्रक्रिया में निकले अनुपयोगी पदार्थों और अन्य क्षेत्रों के सक्रिय खनन क्षेत्रों से अलग होते ही उनको पुनः उपयोगी बनाने का कार्य तत्काल किया जाता है। वनीकरण संबंधी यह कार्य और हरित पट्टी विकास कार्य कार्बन सिंक का भी निर्माण कर रहे हैं। खनन कार्यों के दौरान निकलकर हवा में फैलने वाले धूल के कणों को रोककर घने वृक्षों का आवरण वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने में भी मदद करता है।


हमारे नदी के इकोसिस्टम को संरक्षित करने के प्रयास के रूप में, कोयला और लिग्नाइट क्षेत्र से जुड़े पीएसयू ने कोयला खनन के दौरान निकले अनुपयोगी पदार्थों से रेत को अलग करना शुरू कर दिया है। इस पहल से न केवल रेत की गाद के कारण पर्यावरण प्रदूषण को कम करने में मदद करेगी बल्कि नदी की पर्यावरण प्रणाली में भी सुधार होगा। कोयला और लिग्नाइट से जुड़े पीएसयू, नदी की रेत की तुलना में कम लागत पर उच्च गुणवत्ता वाली औद्योगिक-ग्रेड निर्मित रेत की आपूर्ति कर रहे हैं। वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड वर्तमान में खनन की प्रक्रिया में निकले अनुपयोगी पदार्थों से रेत के दो संयंत्रों का संचालन कर रहा है और उसने 55719.92 एम3 चट्टानों का पुनर्संसाधन करके 22287.97 एम3 रेत का उत्पादन किया है। कोयला क्षेत्र में, अब तक, छह अनुपयोगी पदार्थों-से-रेत प्रसंस्करण संयंत्र चालू हैं, और अनेक चालू होने वाले हैं।

ऊर्जा संसाधनों का कुशल उपयोग और उनका संरक्षण अत्यधिक महत्व रखता है, क्योंकि खपत स्तर पर बचाई गई ऊर्जा की एक इकाई अंततः कार्बन फुटप्रिंट के बराबर कमी में तब्दील हो जाती है। कोयला व लिग्नाइट से जुड़े पीएसयू विभिन्न ऊर्जा संरक्षण और दक्षता उपाय कर रहे हैं, जैसे कि एलईडी लाइट्स, ऊर्जा दक्ष एसी, इलेक्ट्रिक वाहन, डीसी सुपर पंखे, दक्ष वॉटर हीटर, स्ट्रीट लाइट में ऑटो टाइमर, कैपेसिटर बैंक और छत पर सौर परियोजनाओं का वितरण और उन्हें स्थापित करना। सीआईएल ने अपने सभी कार्यालयों में पारंपरिक प्रकाश व्यवस्था को शत-प्रतिशत बदलकर एलईडी रोशनी का उपयोग सफलतापूर्वक शुरू कर दिया है।

कोयला खनन से जुड़ी धारणाओं को दूर करते हुए, कोयला और लिग्नाइट से जुड़े पीएसयू न केवल कोयला खनन के लिए एक समग्र दृष्टिकोण का पालन कर रहे हैं, बल्कि कोयला खनन के लिए दीर्घकालिक और पर्यावरण अनुकूल कार्य प्रणालियों को अपना रहे हैं ताकि पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों को कम किया जा सके और उन्हें घटाया जा सके।

# भड़केगी जंग! अचानक यूक्रेन जाकर जो बाइडेन ने कही व्लादिमीर पुतिन को भड़काने वाली बात

• **जालंधर ब्रीज.** वर्ल्ड न्यूज



यूक्रेन पर रूस के हमले का एक साल पूरा होने वाला है। इस बीच युद्ध खत्म होने के संकेत नहीं मिले हैं उल्टे तेज होने की आशंकाएं बढ़ गई हैं। सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन अचानक ही कीव पहुंच गए। इस दौरान उन्होंने युद्धग्रस्त देश की राजधानी में चहलकदमी की और राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात की। जो बाइडेन ने कहा कि हम यूक्रेन के साथ हैं और यदि उसे कोई भी जरूरत होगी तो वह पूरी की जाएगी। बाइडेन ने कहा कि यूक्रेन पर हमला करने के पीछे व्लादिमीर पुतिन का जो मकसद था, वह पूरी तरह से फेल रहा है। हालांकि रणनीतिक मामलों के जानकारों का कहना है कि बाइडेन की यह विजिट युद्ध में उकसावे वाला काम कर सकती है।

इस यात्रा से रूस की इस बात को मजबूती मिलेगी कि यूक्रेन के बहाने पूरा पश्चिमी जगत ही उसके खिलाफ उतर गया है। ऐसे में वह नाटो देशों से अपनी सुनिश्चित करने के लिए यूक्रेन में जंग लड़ रहा है। व्लादिमीर पुतिन भी 24 फरवरी को राष्ट्र के नाम संबोधन करने वाले हैं। इस भाषण में व्लादिमीर पुतिन दुनिया को बता सकते हैं कि आगे उनका क्या प्लान है और वर्चस्व की जंग क्यों लड़ रहे हैं। इस बीच बाइडेन ने यूक्रेन पहुंचकर कहा कि हम आपकी पूरी मदद करेंगे। इसके अलावा रूस पर पाबंदियां और सख्त की जाएंगी।

**बाइडेन की विजिट से खुश हुआ जर्मनी, बताया अच्छा संकेत**

इस बीच जर्मनी ने बाइडेन के दौरे पर खुशी जाहिर की है। जर्मन सरकार के प्रवक्ता स्टीफेन हेबेस्ट्रेट ने कहा कि बाइडेन की यात्रा एक अच्छा संकेत है। वहीं बाइडेन ने कहा कि पुतिन का हमला करने के पीछे जो मकसद था, वह पूरी तरह से फेल हो गया है। पुतिन चाहते थे कि हम लोग एक न हों। नाटो में एकजुटता ना दिखाई दे, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। बाइडेन ने कहा कि पुतिन ने सोचा था कि वह हम लोगों को किनारे कर देंगे, लेकिन वह ऐसा नहीं कर सके और फेल रहे। उनके प्लान पूरी तरह से फेल रहे हैं। एक साल पूरा हो गया है और आज हम साथ खड़े हैं।

**पुतिन अपने भाषण में भी साध सकते हैं जो बाइडेन पर निशाना**

कीव पहुंचे जो बाइडेन बेहद सहज नजर आए। वोलोदिमीर जेलेंस्की से लंबी मुलाकात की और चहलकदमी करते नजर आए। इसके अलावा उनकी पत्नी समेत कई अन्य वरिष्ठ नेताओं से भी जो बाइडेन ने मुलाकात की। अमेरिका ने यूक्रेन जंग को लेकर चीन पर भी संदेह जतााया है। उनका कहना है कि चीन की ओर से रूस की मदद की जा सकती है। गौरतलब है कि व्लादिमीर पुतिन जंग का एक साल पूरा होने पर भाषण देने वाले हैं। इस दौरान वह अमेरिका पर निशाना साध सकते हैं।

# शराब घोटाले में अब अरविंद केजरीवाल के करीब पहुंची ईडी, पूछताछ के लिए पीए को भेजा समन

• **जालंधर ब्रीज.** नई दिल्ली

दिल्ली के कथित शराब घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने अब दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पीए को पूछताछ के लिए तलब कर लिया है। ईडी ने यह समन ऐसे समय पर भेजा है जब सीबीआई दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को दूसरी बार नोटिस भेजकर 26 फरवरी को पेश होने को कह चुकी है।



ईडी ने प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग ऐक्ट (पीएमएलए) के तहत जांच के बाद जो सप्लीमेंट्री चार्जशीट जांच एजेंसी ने कोर्ट में दायर की है उसमें दावा किया है कि दिल्ली की एक्साइज पॉलिसी 2021-22 को 'आप' शीर्ष नेताओं ने तैयार किया। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, सरकार के कई अधिकारियों और शराब कारोबारियों को सीबीआई और ईडी ने आरोपी बनाया है।

मामले के आरोपियों में दिल्ली के उपमुख्यमंत्री सिसोदिया, पूर्व आबकारी आयुक्त अरवा गोपी कृष्ण, आबकारी विभाग के पूर्व उपायुक्त आनंद तिवारी और पूर्व सहायक आयुक्त पंकज भटनागर शामिल हैं। सीबीआई और ईडी के अनुसार आबकारी नीति को संशोधित करते समय अनियमितताएं की गईं और लाइसेंस धारकों को अनुचित लाभ दिया गया। दिल्ली सरकार ने 17 नवंबर, 2021 को आबकारी नीति लागू की थी, लेकिन भ्रष्टाचार के आरोपों के बीच सितंबर 2022 के अंत में इसे वापस ले लिया गया था। एलजी के आदेश के बाद सीबीआई ने केस दर्ज किया था। बाद में ईडी ने भी इसमें मनी लॉन्ड्रिंग की जांच की। कई आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। मनीष सिसोदिया ने भी अपनी गिरफ्तारी की आशंका जाहिर की है।

# ऐसा संकट तो 1971 में भी नहीं था... पाक मीडिया उठा रहा देश के हालात पर सवाल

*फैसल सिद्दीकी ने लिखा, 'पाकिस्तान में इस तरह के हालात की सबसे बड़ी वजह यही है कि राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व कभी उन नियमों को तय ही नहीं कर सका, जिनके जरिए आसानी से सत्ता हस्तांतरण हो सकता है।'*

• **जालंधर ब्रीज.** वर्ल्ड न्यूज



पाकिस्तान में इन दिनों आर्थिक संकट के अलावा राजनीतिक अस्थिरता का भी माहौल है। यही नहीं आतंकवाद भी आए दिन निर्दोष लोगों को निशाना बना रहा है। पेशावर से लेकर कराची और लाहौर तक में आतंकी हमले हो रहे हैं, जिनसे नागरिकों में खौफ का माहौल है। यहां तक कि पाकिस्तान में जब गृह युद्ध के हालात बने थे और पूर्वी पाकिस्तान बांग्लादेश बन गया था, तब भी ऐसी स्थिति नहीं थी। डॉन अखबार के एक लेख में यह बात कही गई है। लेखक फैसल सिद्दीकी ने लिखा, 'पाकिस्तान में इस तरह के हालात की सबसे बड़ी वजह यही है कि राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व कभी उन नियमों को तय ही नहीं कर सका, जिनके जरिए आसानी से सत्ता हस्तांतरण हो सकता है।'

वह लिखते हैं पाकिस्तान के बनने के बाद से आज तक शांति पूर्ण सत्ता हस्तांतरण को लेकर कोई पॉलिसी नहीं बन सकी है। इसी के चलते को भी दल या नेता सत्ता जाने को आसानी से हजम नहीं कर पाता। इससे हिंसा के हालात बनते हैं। यही स्थिति सैन्य शासन की भी है, वहां भी कोई जनरल आसानी से जाना नहीं चाहता। वह लिखते हैं कि पाकिस्तान में बेनजीर भुट्टो, नवाज शरीफ और इमरान खान जैसे उन नेताओं का भी ऐसा ही हाल रहा है, जो चुनाव के जरिए सत्ता में आए थे। ये लोग भी सत्ता छिनने के बाद आसानी से स्वीकार नहीं कर सके और नतीजे में हिंसक माहौल बना।

सैन्य नेतृत्व के साथ तो अकसर ही ऐसा होता रहा है। बता दें कि पाकिस्तान में इन दिनों अराजकता की स्थिति बनी हुई है। एक तरफ देश डिफॉल्टर होने की कगार पर है और आईएमएफ से लोन तक नहीं मिल पा रहा है। वहीं इमरान खान ने जेल भरो आंदोलन छेड़ रखा है। उनके समर्थक लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। खैबर पख्तूनख्वा और पंजाब में चुनाव कराने की मांग कर रहे हैं। ऐसा न होने पर सड़कों पर खूनखराबे तक की धमकी दी जा रही हैं। इसके अलावा आतंकी हमलों ने भी पाकिस्तान सरकार को बैकफुट पर धकेल दिया है। यहां तक कि पेशावर के पुलिस लाइन स्थित मस्जिद में धमाका करके सैकड़ों कत्ल कर चुके हैं। पंजाब में भी अब तालिबानी आतंकवादी हमले करते रहते हैं।

# हिस्सेदारी बेचने जा रही यह एयरलाइन कंपनी, ₹132 से टूटकर 35 रुपये पर आ गया शेयर

**जालंधर ब्रीज (नई दिल्ली).** प्राइवेट सेक्टर की एयरलाइन स्पाइसजेट लिमिटेड फंड जुटाने के लिए कंपनी की 5% हिस्सेदारी बेचने की योजना बना रही है। इसके लिए अमेरिका के कार्लाइल एविएशन पार्टनर्स से बातचीत चल रही है। प्रस्तावित डील के तहत कार्लाइल को स्पाइसजेट में 100 मिलियन डॉलर से अधिक बकाया राशि को इक्विटी में बदलने की उम्मीद है। इस डील से स्पाइसजेट के कर्ज में 10 करोड़ डॉलर से अधिक की कमी आने की उम्मीद है। ऐसी उम्मीद है कि स्पाइसजेट के निदेशक मंडल की आगामी बैठक में इस डील पर मुहर लग जाएगी।

सूत्रों ने कहा कि स्पाइसजेट, कार्लाइल एविएशन पार्टनर्स को स्पाइसएक्सप्रेस में अनिवार्य रूप से परिवर्तनीय डिबेंचर (सीसीडी) भी जारी करेगी, जिसका कार्गो कारोबार 1 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक होगा। सूत्रों के मुताबिक स्पाइसजेट पिछले साल से रणनीतिक निवेशकों के साथ हिस्सेदारी बिक्री पर चर्चा कर रही थी। बता दें कि कार्लाइल एविएशन पार्टनर्स, कार्लाइल के 143 बिलियन डॉलर ग्लोबल क्रेडिट प्लेटफॉर्म का कॉमर्शियल एयरलाइन निवेश और सर्विसिंग ब्रांच है। इसके प्रबंधन के तहत 11.5 बिलियन डॉलर की संपत्ति है। स्पाइसजेट की सबसे बड़ी लीजिंग कंपनी कार्लाइल एविएशन पार्टनर्स है।

स्पाइसजेट के शेयर 1.13% की गिरावट के साथ 35.05 रुपये पर ट्रेड कर रहे हैं। पिछले पांच कारोबारी दिन में यह लगभग 4% गिरा है। वहीं, इस साल 10% टूटा है। सालभर में यह शेयर 43% तक लुढ़क गया है। वहीं, पिछले पांच साल में यह शेयर 74% तक टूट गया है। इस दौरान इसका भाव 132 रुपये से घटकर वर्तमान प्राइस तक आ गया है।

# अडानी पर एक और खुलासा, कुछ इस तरह चमकाई जा रही थी ग्रुप की इमेज, एंडरसन ने घेरा

• **जालंधर ब्रीज.** मुंबई

हिंडनबर्ग रिपोर्ट के बाद संकट में घिरे अडानी समूह को लेकर एक और खुलासा किया गया है। अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च के फाउंडर नैट एंडरसन ने अब इंटरनेट आधारित विश्वकोष विकीपीडिया के इंडिपेंडेंट समाचार पत्र 'साइनपोस्ट' का हवाला देते हुए अडानी समूह पर नया हमला किया है। विकिपीडिया की साइनपोस्ट लेख को ट्वीट करते हुए एंडरसन ने लिखा है कि अडानी किस तरह अपनी छवि को चमकाने के लिए फेक अकाउंट का इस्तेमाल करते थे। 40 से अधिक 'साक पपिट' या अघोषित रूप से पेड राइटर्स ने अडानी परिवार और पारिवारिक व्यवसायों पर 9 लेख लिखे या संशोधित किए हैं। इनमें से कई ने कई लेखों को संपादित किया और गैर-तटस्थ सामग्री को जोड़ा है।



इनसाइक्लोपीडिया विकिपीडिया ने 20 फरवरी को साइनपोस्ट के नाम से एक लेख लिखा पब्लिश किया था। इसमें आरोप लगाया कि करीब एक दशक से अडानी समूह को लेकर अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर बढ़ा-चढ़ाकर लिखा और कहा गया है। विकिपीडिया ने इसके लिए 'साक पपिट' का भी इस्तेमाल किया है।

बता दें कि अडानी की कुल संपत्ति लगातार घटती जा रही है। हिंडनबर्ग रिपोर्ट के बाद वे Bloomberg Billionaires Index में तीसरे स्थान से खिसक कर 29 वें स्थान पर आ गए हैं। उनकी संपत्ति वर्तमान में 42.7 डॉलर रह गई है। अडानी ग्रुप की लिस्टेड कंपनियों के शेयर लगभग 80% तक टूट गए हैं। बता दें कि हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में अडानी समूह पर खातों में हेराफेरी, शेयर की कीमतों को बढ़ाने के अलावा शेल कंपनियां बनाने जैसे आरोप लगाए गए थे। हालांकि, अडानी समूह ने इन आरोपों से इनकार किया है और कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है।

# मुख्यमंत्री भगवंत के प्रयासों को फेल करने में लगे इन्वेस्ट पंजाब के अधिकारी

• **जालंधर ब्रीज.** जालंधर

मुख्यमंत्री भगवंत मान दिन-रात पंजाब के प्रति संवेदनशील नज़र आते हैं और अपने हर भाषण में अधिकारियों, विधायकों व मंत्रियों को चेताते हुए नज़र आते हैं कि भ्रष्टाचार किसी भी कीमत पर बर्दाशत नहीं किया जाएगा परन्तु जिनके मुंह में भ्रष्टाचार का खून पिछली सरकार में लगा हुआ है, वो इतनी जल्दी बाज़ कहां आते हैं। अफसर लॉबी पिछली सरकारों ने इतनी पावरफुल कर दी हुई हैं कि वो आज भी पिछले आकाओं के हिसाब से अपनी कार्यशैली को आगे बढ़ा रहे हैं। इसकी जीती-जागती उदाहरण इन्वेस्ट पंजाब मॉडल जो कि इस एवज में शुरू किया गया था कि उद्योगपतियों को सिंगल विंडो से सभी तरह की मंज़ूरी अथवा नो अब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी) ऑनलाइन ही मिल जायेगा, परन्तु हमारे संवाददाता द्वारा ग्राउंड जीरो पर इसकी जानकारी एकत्रित की गई और सूत्रों से पता लगाया कि इस मॉडल को अफसर पसंद ही नहीं करते और इसका नोडल अफसर डिप्टी कमिश्नर को लगाया गया है। वो इस और ध्यान ही नहीं देते।

यह कोई एक जिले की बात नहीं है बल्कि प्रत्येक जिले में एकसामान है। जो एनओसी ऑनलाइन मिलनी चाहिए थी, वो इन्वेस्टर को तंग परेशान करके उनसे मोटी रकम ऐंठने के बाद दी जाती है और जिसने वह रकम नहीं दी होती उसको अब्जेक्शन लगाकर रिजेक्ट करके धक्के खाने के लिए मज़बूर किया जा रहा है और उस इन्वेस्टर को महसूस कराया जा रहा है कि आप जिस बदलाव के सपने देख रहे हैं, वो इस जन्म में आपको नहीं देखने को मिलेंगे। इन सबके लिए जिम्मेदार जिला स्तर पर ही तैनात प्रशासन नहीं बल्कि डायरेक्टर इन्वेस्ट पंजाब और उसकी टीम है जो किसी का फोन उठाने में भी गुरेज करते हैं। इन्वेस्ट पंजाब में तैनात जनरल मैनेजर से लेकर ऊपर तक के अधिकारी इस काले धंधे में सलिंप्त है और अब आने वाले दिनों में देखना होगा कि भगवंत मान के सपने को जो हर पंजाबी का सपना है, पूरा होने दिया जा रहा है कि नहीं।


जालंधर ब्रीज
इन्वेस्ट इंडिया की तर्ज़ पर चल रहे इन्वेस्ट पंजाब मॉडल की थीमी गति का संज्ञान कब लेंगे मुख्यमंत्री

पिछले अंक में प्रकाशित खबर की कटिंग।

## मुख्यमंत्री की उद्योगपतियों से अपील- राज्य के सामाजिक-आर्थिक विकास के हिस्सेदार बनो

• **जालंधर ब्रीज.मोहाली**



मुख्यमंत्री भगवंत मान ने तीन करोड़ पंजाबियों के परिवार में शामिल होने के लिए कारोबारियों का स्वागत हुए उनको राज्य के सामाजिक-आर्थिक विकास में हिस्सेदार बनने का न्योता दिया। मुख्यमंत्री ने आज यहाँ पाँचवे प्रगतिशील पंजाब निवेशक सम्मेलन के उद्घाटनी सैशन के दौरान कारोबारियों को संबोधन करते हुये उनका संतों, पीरों-फ़कीरों और शहीदों की धरती पर स्वागत करते हुये कहा कि वह आज अपने दरमियान कारोबारी क्षेत्र की मशहूर शख्सियतों को देख कर खुश हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब देश भर में निवेश के लिए सबसे अनुकूल स्थान है और कारोबारियों की सुविधा के लिए कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी जायेगी। मान ने पंजाब को देश का औद्योगिक हब बनाने के लिए राज्य सरकार व उद्योगपतियों के दरमियान मज़बूत सांझ की उम्मीद ज़ाहिर की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि निवेशकों को राज्य में निवेश करने की सुविधा देने के लिए सरकार जल्द ही ज़मीन के प्रयोग में तबदीली ( सी. एल. यू.) और एन. ओ. सी. को ख़त्म कर देगी, जो उद्योगों के लिए परेशानी का कारण हैं। उद्योगपतियों का स्वागत करते हुये उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के तौर पर ज़िम्मेदारी संभालने के सिर्फ़ एक साल के अंदर ही उनका सबसे पहला और मुख्य काम लोगों की मुश्किलों, उलझनों के बारे अवगत करवाना है।

## गर्भावस्था के दौरान भ्रूण लिंग परीक्षण अवैध और दंडनीय अपराध : डॉ. रमन शर्मा

• **जालंधर ब्रीज.जालंधर**



जिला सलाहकार समिति (पीसी-पीएनडीटी) की बैठक गुरुवार को सिविल सर्जन जालंधर के कार्यालय में रमन शर्मा की अध्यक्षता में हुई। जिला परिवार कल्याण अधिकारी सह नोडल अधिकारी (पीसी-पीएनडीटी) डॉ. रमन गुप्ता, डॉ. राकेश चोपड़ा, समिति सदस्य डॉ. अभिनव शूर, डॉ. हिताक्षी महाजन, डॉ. सतविंदर कौर, परवीन अबरोल सुदीप कुमार, शांत कुमार और जिला पीएनडीटी शामिल हैं। इस मौके पर समन्वयक दीपक बापोरिया मौजूद रहे। बैठक में 2 नये पंजीयन एवं 6 अल्ट्रासाउंड स्कैन केन्द्रों के पंजीयन के नवीनीकरण के प्रकरणों पर चर्चा की गई।

बैठक के दौरान सिविल सर्जन डॉ. रमन शर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के पास जिले में पीसी-पीएनडी है। टी। अधिनियम को सख्ती से लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसे ध्यान में रखते हुए स्कैनिंग केंद्रों के कामकाज की निगरानी के लिए लगातार चेकिंग की जा रही है. उन्होंने कहा कि गर्भावस्था के दौरान भ्रूण के लिंग का परीक्षण करना एक अवैध और दंडनीय अपराध है, इस अपराध में पाए जाने वाले दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

जिला परिवार कल्याण अधिकारी डॉ. रमन गुप्ता ने बताया कि नया स्कैन सेंटर खोलने के लिए 2 प्रति-अनुरोध प्राप्त हुए थे, जिन्हें समिति सदस्यों ने आवश्यक दस्तावेजों की जांच के बाद मंजूरी दे दी. इसके अलावा, स्कैन केंद्रों से पंजीकरण के नवीनीकरण के लिए 6 प्रति-अनुरोध प्राप्त हुए, जिन्हें समिति के सदस्यों द्वारा दस्तावेजों को पढ़ने के बाद अपनी सहमति व्यक्त करने के बाद अनुमोदित किया गया।

## कृषि-किसान मोदी सरकार की प्राथमिकताओं में : अनुराग ठाकुर

**हिमाचल के किसान दिल्ली में अनुराग ठाकुर व कृषि मंत्री नरेंद्र तोमर से मिले, समस्याओं से कराया अवगत**

• **जालंधर ब्रीज.हिमाचल प्रदेश**



हिमाचल प्रदेश से पॉली हाउस में फूलों की खेती एवम सब्जियाँ उगाने वाले तकरीबन 60 किसानों ने प्रतिनिधि मण्डल ने दिल्ली में केंद्रीय सूचना प्रसारण एवं खेल व युवा कार्यक्रम मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर के आवास पर मिलकर किसानों को इस कार्य में आने वाली समस्याओं से अवगत करवाया। अनुराग ठाकुर ने किसानों की समस्याओं का त्वरित संज्ञान लेते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर जी से भेंट कराई। ठाकुर ने केंद्रीय कृषि मंत्री से किसानों की समस्याओं का निराकरण करने का भी आग्रह किया। किसानों से वार्ता के दौरान अनुराग ठाकुर ने कहा " कृषि और कृषक का उन्नयन मोदी जी की प्राथमिकताओं में है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट में कृषि एवं किसान कल्याण के लिए अनेक महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान सहित कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय का कुल बजट इस बार लगभग 1.25 लाख करोड़ रुपये का है। इसमें मोदी सरकार की महत्वाकांक्षी- प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना के लिए 60 हजार करोड़ रु. का प्रावधान किया गया है। देश में लगभग 86 प्रतिशत छोटे किसान हैं, जिन्हें किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के माध्यम से काफी लाभ पहुंचा है। इन किसान भाइयों-बहनों को इसी तरह सतत लाभ मिलता रहे, इसके लिए इस बार 23 हजार करोड़ रु. का प्रावधान किया गया है, वहीं पशुपालन, डेयरी, मत्स्यपालन पर भी ध्यान देते कृषि ऋण लक्ष्य बढ़ाकर 20 लाख करोड़ रु. किया गया है। मोदी सरकार द्वारा डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन प्रारंभ किया गया है, जिसे बढ़ावा देने के उद्देश्य से 450 करोड़ रु. तथा टेक्नालाजी द्वारा कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने के संबंध में लगभग 600 करोड़ रु. का प्रावधान किया गया है।"

अनुराग ठाकुर ने कहा " देश के किसानों को बड़ी सौगात देते हुए आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने देश में 600 से ज्यादा प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्रों की शुरुआत की. यह किसान समृद्धि केंद्र किसान के लिए सिर्फ उर्वरक खरीद और बिक्री का केंद्र नहीं है, ये एक संपूर्ण रूप से किसान के साथ घनिष्ट नाता जोड़ने वाला, उसकी हर आवश्यकता में मदद करने वाला केंद्र है.साथ ही मोदी जी ने आत्मनिर्भर कृषि को बढ़ावा देने की दिशा में देते आज अन्नदाताओं के लिए #OneNationOneFertilizer के रूप में "भारत" ब्रांड देश को समर्पित किया। हमारे देश के किसान पर बोझ न पड़े, हमारे किसान उन पर कोई नया संकट ना आए इसलिए जो 70-80 रुपये में यूरिया हम आज बाहर से लाते हैं, हम किसानों को 5-6 रुपये में पहुंचाते हैं ताकि हमारे किसान भाइयों-बहनों को कष्ट ना हो" किसानों ने वार्ता के दौरान उनको उन्नत किस्म का बीज उपलब्ध करवाने,विपणन, परिवहन सबंधी दिक्कतों के बारे में अनुराग ठाकुर को विस्तृत जानकारी दी।

## स्वच्छ भारत अभियान पर ड्राइंग व क्विज़ मुकाबले आयोजित



• **जालंधर ब्रीज.जालंधर**

बच्चों में शुरू से ही स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने के लिए केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा आज स्थानीय इनोसेंट हार्ट्स स्कूल, ग्रीन मॉडल टाउन में एक विशेष प्रोग्राम आयोजित किया गया। स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत आयोजित इस प्रोग्राम में इसी विषय पर ड्राइंग व क्विज़ प्रतियोगिताएं करवाई गईं।

स्कूल में आयोजित प्रोग्राम के दौरान स्कूल की डिप्टी डायरेक्टर, कल्चरल अफेयर्स शर्मिला नाकरा और प्रिंसीपल राजीव पालीवाल ने बताया के ऐसे अभियान विद्यार्थियों को आपने आस पास व वातावरण को स्वच्छ रखने में लाभदायक सिद्ध होते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को आह्वान किया के वे सब बढ़ चढ़ कर आपने आस पास की सफ़ाई का ध्यान रखें और अपने स्कूल, मोहल्ले, शहर व देश को साफ़ सुथरा बनाने में सहयोग दें। प्रोग्राम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छता शपथ भी ली गई।

ब्यूरो के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी राजेश बाली ने बताया कि अगर हम बच्चों को शुरू से ही स्वच्छता के प्रति स्वेंदनशील बनायेंगे तभी देश भर में चल रहे इस अभियान को कामयाब कर सकेंगे।

इस मौके पर उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों को सवेंदनशील संदेशों को व्हाट्सएप पर फॉरवर्ड करने से गुरेज़ करने का संदेश देते हुए कहा की समाज को सुरक्षित रखने के लिए हम सब को सहयोग करना चाहिए। ड्राइंग मुक़ाबले में आयुष आहुजा प्रथम, राहत कोहली द्वितीय और तेजस्व शर्मा तृतीय स्थान पर रहे जबकि सांत्वना पुरस्कार रूहानी को दिया गया।

रैंडम क्विज़ मुकाबले में मृदुल जैरथ, मनु शेखर, गौरी दत्ता, हेमनवीर सिंह, मंथन गुप्ता, तिशा, हिमांशी, मान्या गुप्ता और अंशु ने इनाम जीते। इन सभी को पुरस्कृत करने की रस्म प्रिंसीपल, डिप्टी डायरेक्टर व क्षेत्रिय प्रचार अधिकारी ने निभाई। स्टेज संचालन स्कूल की अध्यापिका सुखराज कौर ने किया। दोनों मुकाबलों के सुचारू आयोजन में अधियापिका निधि शर्मा और मधु ने विशेष भूमिका निभाई।

## पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता पार्टी की नीतियों को लोगों के घर-घर तक पहुंचाएं : राकेश राठौर

• **जालंधर ब्रीज.जालंधर**



भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष,एवं जालंधर शहर के पूर्व मेयर, राकेश राठौर, बहुजन समाज पार्टी वेस्ट विधानसभा क्षेत्र के हलका इंचार्ज अनिल मिनिया का विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने पर सिरोपा देकर और मुंह मीठा करवा कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। राकेश राठौर ने बताया कि अनिल मिनिया केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की जन हितैषी व जनकल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर भारतीय जनता पार्टी जो कि विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी है उसमें शामिल हुए हैं।

राकेश राठौर ने अनिल मिनिया को बधाई देते हुए कहा कि आगामी पार्टी की रणनीति के अनुरूप संगठन कार्यकर्ताओं में सक्रियता लाने व केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार की विकास और जन कल्याणकारी योजनाओं को जो लोगों के लिए चलाई जा रही हैं। उनको घर घर तक पहुंचाने की जिम्मेवारी बखूबी निभाए। अनिल मिनिया ने प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश राठौर को विश्वास दिलाया कि वह भारतीय जनता पार्टी की नीतियों और उसके द्वारा किए जा रहे सभी कार्यों को लोगो तक पहुंचाने और संगठन को मजबूत करने के लिए पूरी मेहनत से दिन रात एक करेंगे और पार्टी की सेवा के लिए तन मन धन से पूरा सहयोग करेंगे। इस मौके पर मुख्य रुप से उपस्थित। भाजपा जिला जालंधर के पूर्व अध्यक्ष रमन पब्बी, भारतीय जनता युवा मोर्चा,के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सन्नी शर्मा, जिला उपाध्यक्ष,मनीष विज,जिला सचिव, अमित भाटिया, जिला कार्यकारिणी सदस्य, तेजिंदर वालिया, राजन शर्मा उपस्थित थे।

## जापान से व्यापारिक रिश्ते और मजबूत करने की तरफ बढ़ रहा है पंजाब : अमन अरोड़ा

• **जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़**

पंजाब में व्यापार के लिए माहौल अनुकूल होने की बात करते हुये आवास निर्माण और शहरी विकास और सूचना एवं लोक संपर्क मंत्री श्री अमन अरोड़ा ने आज कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली राज्य सरकार पंजाब में निवेश के लिए उपयुक्त माहौल सृजन करने के साथ-साथ पंजाब और जापान के दर्मियान द्विपक्षीय व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने के लिए लगातार ठोस प्रयास कर रही है। इंडियन स्कूल ऑफ बिज़नस (आई. एस. बी)., मोहाली में करवाए गए 5वें प्रगतिशील पंजाब निवेशक सम्मेलन-2023 के पहले दिन "जापान-पार्टनर कंट्री" सैशन की अध्यक्षता करते हुये श्री अमन अरोड़ा ने कहा कि कारोबार को और सुखद बनाना, रोजगार के उचित मौके पैदा करना, मजबूत बुनियादी ढांचे तक पहुंच और शासन में और ज्यादा पारदर्शिता लाना पंजाब सरकार की प्रमुख प्राथमिकताएं हैं।

राष्ट्रीय आर्थिक विकास में पंजाब के योगदान का जिक्र करते हुये उन्होंने कहा कि पंजाब का कुल क्षेत्रफल भारत के क्षेत्रफल का केवल 1.5 फीसदी बनता है परन्तु भारत के कुल घरेलू उत्पाद (जी. डी. पी.) में राज्य का योगदान 3 फीसदी है। उन्होंने कहा कि पंजाब अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कारोबार वाली नयी जगह के तौर पर उभर रहा है।



## वर्ल्ड कप जीतने का टीम इंडिया का सपना टूटा, सेमीफाइनल में मिली हार


फोटो-बीसीसीआई

**केपटाऊन.** ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम और भारतीय महिला टीम के बीच आईसीसी महिला टी20 वर्ल्ड कप 2023 का पहला सेमीफाइनल मुकाबला केपटाउन के न्यूलैंड्स मैदान पर खेला गया। इस रोमांचक मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 4 विकेट के नुकसान पर 173 रन बनाए। इसके बाद भारतीय टीम काफी शानदार तरीके से लक्ष्य का पीछा कर रही थी, पर अचानक से विकेट गंवाने की वजह से उन्हें हार का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने इस मुकाबले को 5 रनों से अपने नाम किया। टॉस जीतने के बाद ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। इसके बाद बेथ मूनी और एलिसा हीली की ओपनिंग जोड़ी ने पहले 6 ओवरों में ही टीम का स्कोर को 43 रन पर पहुंचा दिया। इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम को पहला झटका 52 के स्कोर पर लगा जब एलिसा हीली 25 रनों की पारी खेलने के बाद पवेलियन लौट गईं। यहां से बेथ मूनी ने तेजी से रन बनाने का सिलसिला शुरू किया।

बेथ मूनी ने 37 गेंदों में 54 रनों की शानदार पारी खेली। वहीं कप्तान मेग लेनिंग ने एक छोर जहां से संभाल रखा वहीं दूसरे छोर से एश्ले गार्डनर ने आकर 18 गेंदों में 31 रनों की शानदार पारी खेल दी। मेग लेनिंग ने 34 गेंदों में 49 रन बनाने के साथ टीम का स्कोर 20 ओवरों में 4 विकेट के नुकसान पर 173 रन तक पहुंचाने में अहम योगदान दिया। भारतीय टीम की तरफ से गेंदबाजी में शिखा पांडे ने 2 जबकि राधा यादव और दीप्ति शर्मा ने 1-1 विकेट हासिल किया।

## जालंधर ट्रैफिक पुलिस ने चार हाइड्रोलिक क्रेनो का टेंडर निकाला

• **जालंधर ब्रीज.जालंधर**

ट्रैफिक पुलिस द्वारा जालंधर शहर में हो रही गलत पार्किंग की समस्या से निपटने के लिए और गलत जगह खड़ी की गाड़ियों को टोह करने के लिए चार हाइड्रोलिक क्रेनो के लिए रजिस्टर फर्म को ठेका देने का फैसला किया है अगर कोई फर्म ठेका लेने की चाहवान है वह अपनी फर्म के लेटर पैड पर कोटेशन 3 दिन के अंदर अंदर नीचे लिखे पते पर भेजें या वह खुद आकर भी मिल सकते हैं। टेंडर के लिए शर्तें :- इससे संबंधित कमिश्नर पुलिस जालंधर की वेबसाइट https://jalandharcity.punjabpolice.gov.in पर चेक की जाए ।

## मुख्यमंत्री के प्रयत्नों स्वरूप औद्योगिक विकास में अग्रणी बन कर उभरेगा पंजाब : चीमा

***वित्त मंत्री हरपाल चीमा ने 5वें प्रगतिशील पंजाब निवेशक सम्मेलन-2023 के दौरान 'पंजाब एक्सपोर्ट्स एंड ब्रांड्ज़' सैशन की अध्यक्षता की***

• **जालंधर ब्रीज.एसएएस नगर/ चंडीगढ़**



पंजाब के वित्त, योजना, आबकारी और कराधान मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने आज कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के यत्नों स्वरूप राज्य जल्द ही औद्योगिक विकास में अग्रणी बन कर उभरेगा। कैबिनेट मंत्री आज यहाँ एस. ए. एस. नगर स्थित इंडियन स्कूल आफ बिजऩस (आई. एस. बी.) कैंपस में पाँचवे प्रगतिशील पंजाब निवेशक सम्मेलन-2023 के दौरान 'पंजाब एक्सपोर्ट्स एंड ब्रांड्ज़' सैशन की अध्यक्षता कर रहे थे।

कैबिनेट मंत्री चीमा ने कहा कि जिस तरह पंजाब के लोगों ने नयी सरकार को चुना है, उसी तरह मुख्यमंत्री भगवंत मान ने राज्य के सर्वपक्षीय विकास के लिए लोक समर्थकी पहलकदमियों के इलावा नयी औद्योगिक नीति और नयी लॉजिस्टिकस नीति लाई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान निवेशकों को पंजाब में निवेश करने के लिए आकर्षित करने के लिए भारत और विदेशों का दौरा भी कर रहे हैं। चीमा ने कहा कि पंजाब को गेहूँ और चावलों आदि फसलों की सब अधिक पैदावार होने के कारण 'भारत के अन्न भंडार' के तौर पर भी जाना जाता है, जिसने इन दोनों फसलों की काश्त के लिए देश भर में चोटी का दर्जा प्राप्त किया है। उन्होंने कहा कि भूजल, बिजली को बचाने और खेती लागतों को घटाने के लिए उनकी सरकार ने बासमती की काश्त को बड़े स्तर पर उत्साहित करने का फ़ैसला किया है।

Printed, Published & Owner by ATUL SHARMA & Printed at SARANGLE PRINTERS, BASTI GUZAN JALANDHAR (PUNJAB) and Published from ATUL SHARMA, NN453 GOPAL NAGAR JALANDHAR (PUNJAB)
Editor : ATUL SHARMA*
*Responsible for selection of News under the PRB ACT. PUNHIN/2019/77863, All Rights Reserved. Reproduction in whole or in Part without permission is prohibited. All disputes shall be settled at Jalandhar jurisdiction only.